web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 08

# मुख्यमंत्री बघेल आज करेंगे 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' योजना का शुभारंभ : कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को मिलेगी कोचिंग

- प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों तथा चार शहर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग की दी जाएगी कोचिंग
- चयन के लिए कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य
- ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टीट्यूट देगा निशुल्क कोचिंग, एमओयू पर आज होंगे हस्ताक्षर



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' योजना का 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत निःशुल्क कोचिंग देने सहमति दी है।

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी।

स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों तथा चार शहर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री-मेडिकल नीट तथा प्री-इंजीनियरिंग आईआईटी की बेहतर रूप से तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। कोचिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से कोचिंग सेंटर की स्थापना की तैयारी कर प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है।

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान तथा गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 100 विद्यार्थियों का प्रवेश दिया जाना है। इसमें प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग के लिए अधिकतम 50-50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। यह कक्षाएं शाम 3 बजे से 6.30 बजे तक संचालित होंगी। इस संबंध में विषय विशेषज्ञ नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों का नियमित आकलन तथा शिक्षकों की कक्षाओं के अध्यापन का भी अवलोकन किया जाएगा। योजना के संबंध में पालकों का फीडबैक भी लिया जाएगा। ऑनलाइन कक्षाओं की यह विशेषता रहेगी कि यह टू-वे संवाद रहेगा अर्थात विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ सकेंगे। जेईई एवं नीट के लिए अलग-अलग कक्षाएं प्रदेश में संचालित आत्मानंद विद्यालय एवं अन्य विद्यालय में संचालित होंगी। प्रत्येक कोचिंग केंद्र में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक तथा एक मुख्य नोडल अधिकारी प्रिंसिपल अथवा सीनियर लेक्चरर स्टाफ के नियुक्त किए गए हैं। ऑनलाइन कोचिंग प्रदाता संस्थान विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड का विश्लेषण विद्यार्थियों का फीडबैक पालकों का फीडबैक इत्यादि इस कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग हेतु मॉनिटरिंग अधिकारी भी नियुक्त किया जा रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेंगलुरू हवाईअड्डे पर 1.77 करोड़ रुपए के सोने के साथ चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.77 करोड़ रुपये मूल्य का 3 किलोग्राम सोना बरामद किया। एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि सभी चार आरोपी 29 सितंबर को दुबई से बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। अधिकारी ने कहा, उनके पास से 1.77 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 3 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जो मलाशय और नी कैप (घुटने के ढक्कन) में छिपाया गया था। अधिकारियों ने कहा, बरामद सोना सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया और यात्रियों को बाद में सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

### सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में हुई बड़ी कटौती

**मुंबई ।** मुंबई में रहने वालों के लिए एक राहत भरी खबर है। महानगर गैस लिमिटेड ने एक बड़ा फैसला लिया है। कंपनी ने मुंबई और उसके आसपास के उपनगरों में सीएनजी की कीमतों में 3 रुपए प्रति किलोग्राम की कटौती की है। इसके साथ-साथ घरेलू पीएनजी की कीमत में भी 2 रुपए कमी की घोषणा की है। इसके साथ ही मुंबई और उसके आसपास के उपनगरों में सीएनजी की नई कीमत 76 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, घरेलू पीएनजी की कीमत 47 रुपए होगी। महानगर गैस लिमिटेड की ओर से कीमतों में कमी का आदेश 1 अक्टूबर 2023 की मध्यरात्रि और 2 अक्टूबर 2023 की सुबह से लागू हो जाएगा। इससे पहले अप्रैल महीने में भी महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी की कीमत में 8 रुपए और पीएनजी की कीमत में 5 रुपए प्रति एससीएम की कटौती की थी। कीमतों में कटौती के बाद मुंबई और उससे सटे उपनगर में सीएनजी की कीमत 79 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई थी। वहीं, पीएनजी की कीमत 49 रुपए हो गई थी। कटौती से पहले शहर में सीएनजी की कीमत 87 रुपए प्रति किलोग्राम थी जबकि पीएनजी की कीमत 54 रुपए प्रति एससीएम थी।

### जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष : पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत 6 लोगों की हत्या

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को ईंट से कूंच कर और गोली मारकर लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत 6 लोगों की हत्या दी गई है। घटना फतेहपुर लेहड़ा टोला गांव की है। वारदात की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची भारी फोर्स पहुंच गई है। एक पक्ष के एक और दूसरे पक्ष के पांच लोगों के मरने की सूचना है। रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर लेहड़ा टोला गांव में यादव और ब्राह्मण परिवार के बीच जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। सोमवार सुबह सुबह 8.30 बजे किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा है कि कुछ देर लाठी डंडे, ईंट पत्थर और बंदूकें निकल आईं। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए। वारदात में 6 लोगों की जान चली गई। घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। 6 लोगों की हत्या की सूचना हो पहुंची। पुलिस महकमे में भी हडक़ंप मचा गया। पुलिस छानबीन में जुटी है। घटनास्थल पर चीख-पुकार मची है। गांव में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पर मौके पर पीएसी भेजी जा रही है।

### मेक्सिको में सड़क दुर्घटना में 10 क्यूबाई प्रवासियों की मौत

**मेक्सिको सिटी ।** क्यूबा के 27 नागरिकों को ले जा रहा एक मालवाहक ट्रक दक्षिण मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य चियापास में पलट गया। जिससे उसमें सवार 10 महिलाओं की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि पिजिजियापान-टोनाला राजमार्ग के तटीय क्षेत्र में सुबह-सुबह यह दुर्घटना हुई। बताया गया है कि, 'प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था, उसने इकाई पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई।' उन्होंने बताया कि चालक फरार हो गया। बचाव दल ने घायलों में से 16 को पिजिजियापान शहर के एक अस्पताल में और अन्य को हुइक्स्टला शहर में स्थानांतरित कर दिया।

व्हाटसएप का बड़ा एक्शन

## भारत में रिकॉर्ड 74 लाख से अधिक बैड अकाउंट्स पर लगाया बैन



**नई दिल्ली ।** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने अगस्त महीने में भारत में रिकॉर्ड 74 लाख से अधिक बैड अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। कंपनी ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में बताया कि अगस्त में उसने 74,20,748 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया।

इनमें से लगभग 35,06,905 अकाउंट पर बिना किसी शिकायत के स्वयं संज्ञान लेते हुये बैन लगाया गया। देश में 50 करोड़ से अधिक यूजरों वाले लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को अगस्त में रिकॉर्ड 14,767 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुईं, और 71 पर कार्रवाई की गई।

कंपनी के अनुसार, रिपोर्ट में यूजरों से प्राप्त शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ उसके प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की अपनी निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।

इसके अलावा, कंपनी को अगस्त में देश में शिकायत अपीलीय समिति से केवल एक आदेश मिला जिसका उसने अनुपालन किया।

## भारतीय तट रक्षक प्रदूषण-नियंत्रण जहाज समुद्र प्रहरी ने तंजुंग प्रोक बंदरगाह, इंडोनेशिया का दौरा किया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** समुद्री प्रदूषण के खतरों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता के एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन में, भारतीय तटरक्षक जहाज समुद्र प्रहरी, एक विशेष प्रदूषण-नियंत्रण जहाज इंडोनेशिया के जकार्ता के तंजुंग प्रोक बंदरगाह पर पहुंचा। यह यात्रा, एक समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया के लिए भारत की आसियान पहल का हिस्सा, क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों, विशेष रूप से समुद्री प्रदूषण के खतरों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में भारत की विशेषज्ञता और सहयोगात्मक प्रयासों को रेखांकित करता है।11 सितंबर से 14 अक्टूबर 2023 तक इस विदेशी तैनाती के दौरान, विशेष प्रदूषण नियंत्रण जहाज ने पहले 16 सितंबर से 20 सितंबर 23 तक बैंकॉक, थाईलैंड में पोर्ट कॉल किया था। प्रदूषण प्रतिक्रिया कॉन्फ़िगरेशन में चेतक हेलीकॉप्टर से लैस, जहाज बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है क्षेत्र में प्रदूषण प्रतिक्रिया क्षमताएँ।विदेशी विनिमय कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, जहाज पर 13 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट सवार हैं, जो पुनीत सागर अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे अभियान को अंतरराष्ट्रीय पहुंच मिलेगी। यह कार्यक्रम साझेदार देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देते हुए समुद्र तट की सफाई और इसी तरह की गतिविधियों पर केंद्रित है।जहाज का बकामल (इंडोनेशिया मैरीटाइम सिक्योरिटी एजेंसी) बैंड ने धूमधाम से स्वागत किया और अपने भारतीय दोस्तों के लिए एक संकेत के रूप में अन्य सैन्य धुनें बजाईं। जकार्ता में जहाज के चार दिवसीय प्रवास के दौरान, ढ्ढष्टत्र जहाज क्क्रञ्जरूरू के साथ पेशेवर आदान-प्रदान, क्रॉस-डेक दौरे, टेबल-टॉप अभ्यास, प्रदूषण प्रतिक्रिया प्रदर्शन, संयुक्त योग सत्र, संयुक्त अभ्यास, साथ ही आधिकारिक और सामाजिक गतिविधियों में शामिल होगा। , जिसमें क्षमता-निर्माण सुविधाओं का दौरा भी शामिल है। यह यात्रा भारत की आसियान पहल का परिणाम है, जैसा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल 2022 में कंबोडिया में आयोजित आसियान रक्षा मंत्री मीटिंग प्लस में घोषणा की थी। यह पहल भारत के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ सहजता से संरेखित होती है, जैसा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेखांकित किया गया है, जिसे सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास में समाहित किया गया है।

## स्पेन के नाइट क्लब में भीषण आग, 13 लोगों की मौत; मेयर ने की तीन दिन के शोक की घोषणा



**मैड्रिड ।** दक्षिणपूर्वी स्पेन के मर्सिया में सुबह एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर सुरक्षा एवं बचाव कर्मी राहत कार्य में जुटे हैं। स्पेन की इमरजेंसी सेवाओं ने चेतावनी दी है कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इमारत से शवों को निकालने का काम जारी है।

आपातकालीन सेवाओं द्वारा जारी की गई तस्वीरों के अनुसार, आग टीट्रे नाइट क्लब में लगी, जिसे फोंडा मिलाग्रोस भी कहा जाता है। बचावकर्मियों ने कहा कि उन्हें पहली बार स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6.00 बजे (0400 त्ररूञ्ज) सूचना मिली कि दो मंजिला नाइट क्लब में आग लग गई है। वहां पहुंचने पर पहले ही 4 शव मिल गए थे, 40 मिनट बाद 2 और शव मिले। एक घंटे बाद, मर्सिया टाउन हॉल ने पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या सात हो गई है।

बचावकर्मी आग लगने के बाद भी अज्ञात लोगों की तलाश कर रहे हैं। शहर के बाहरी इलाके अटलायस में तडक़े लगी आग के बाद जानकारी का इंतजार कर रहे युवा क्लब के बाहर गले मिले और सदमे में दिखे। जीवित बचे एक व्यक्ति ने, जिसकी पहचान नहीं हो पाई, कहा, मुझे लगता है कि अलार्म बजने और सभी लाइटें बुझने और चिल्लाने से पता चला कि आग लग गई है, इससे पहले हम 30 सेकंड से 1 मिनट पहले चले गए थे।

मर्सिया शहर के मेयर जोस बैलेस्टा ने तीन दिन के शोक की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आग में चार अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें 22 और 25 वर्ष की दो महिलाएं और चालीस वर्ष की आयु के दो पुरुष थे, सभी धुएं में सांस लेने से पीड़ित थे। उन्होंने कहा कि 40 से अधिक अग्निशामक और 12 आपातकालीन वाहन घटनास्थल पर मौजूद हैं।

## जिम्बाब्वे में विमान दुर्घटना में भारतीय अरबपति और उनके बेटे समेत 6 लोगों की मौत

**हरारे ।** जिम्बाब्वे में सोना, हीरे और कोयला खनन में रुचि रखने वाले भारतीय अरबपति और उनका बेटा उन छह व्यक्तियों में शामिल थे, जिनकी विमान दुर्घटना में जान चली गई।

एकीकृत खनन और धातुकर्म कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के ज़वामांडे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी यांत्रिक खराबी के कारण हुई है। पुलिस ने कहा, जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

उन्होंने कहा, व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे हरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इक_ा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं। रंधावा 4 बिलियन डॉलर की निजी इक्विटी फर्म जीईएम होल्डिंग्स के संस्थापक भी हैं। पत्रकार और फिल्म निर्माता होपवेल चिनोनो ने कहा कि वह रंधावा के निधन से दुखी हैं।

चिनोनो, जो 2017 में एक पारस्परिक मित्र के माध्यम से रंधावा से मिले थे, ने एक्स पर लिखा था, वह बहुत उदार व्यक्ति थे और काफी विनम्र थे। उनके माध्यम से मैं व्यापारिक, राजनयिक और राजनीतिक जगत के कई लोगों से मिला।

## कुंभ क्षेत्र का हुआ विस्तार, 10 हजार बेड का 'गंगा पंडाल' बनाने का प्रस्ताव

**प्रयागराज (आरएनएस)।** संगम की रेती प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ को लेकर यूपी सरकार ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक तरफ जहां महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कुंभ क्षेत्र का विस्तार किया गया है, वहीं दूसरी ओर 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों-भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी।

कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत के मुताबिक, महाकुंभ के लिए टेंटेज के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है। इसके अंतर्गत 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों-भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी। श्रद्धालुओं के कुंभ क्षेत्र में ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रयागराज में 2019 में आयोजित किए गए कुंभ में देश-विदेश से आए 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या के बाद 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का प्रशासन का अनुमान है।

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र के बसावट में बदलाव किया गया है। उनके मुताबिक योगी सरकार ने फैसला किया है कि इस बार कुंभ में बसने वाले मेले का विस्तार 4000 हेक्टेयर से अधिक तक किया जाएगा। पिछले कुंभ में मेला क्षेत्र को 3200 हेक्टेयर में बसाया गया था।

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस बार संगम की रेती पर संगम, अरैल से लेकर फाफामऊ के बीच 25 सेक्टर में महाकुंभ बसाया जाएगा। अलग- अलग सेक्टर का क्षेत्रफल भी विस्तारित किया जाएगा। कुंभ मेला क्षेत्र के एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए गंगा नदी में बनाए जाने वाले पॉन्टून पुल की संख्या में भी इस बार बढ़ोतरी होगी। महाकुंभ के लेआउट प्लान के अनुसार इस बार आठ अतिरिक्त पांटून पुल बनाए जाएंगे। पिछली बार 22 पांटून पुल बने थे, जबकि इस बार 30 पांटून पुलों का निर्माण होगा।

महाकुंभ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की तैयारी चल रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इसके लिए 1.45 लाख शौचालय बनाए जाएंगे। साथ ही कुंभ क्षेत्र में 10 हजार सफाई कर्मी भी लगाए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 25 हजार डस्टबिन, 800 सफाई गैंग और आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम भी प्रस्तावित किया गया है। इसे मेला प्राधिकरण की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है।

